<u>वित्तीय स्वीकृति</u>
<u>A052-20222023-001-662</u>
<u>संख्या-3/2022/662/52-3-22-सा(56)/2021-3/1/2021</u>

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0
लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 28 अप्रैल, 2022

विषयः-वित्तीय वर्ष 2022-23 में रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद के कार्यालय अधिष्ठान हेतु लेखानुदान में प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम चार माह हेतु धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30.12.2021 के प्रस्तर-2(6)में दी गयी व्यवस्था के अनुसार रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद के कार्यालय अधिष्ठान मद हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये लेखानुदान में प्रावधानित धनराशि रू0 106.12 लाख के सापेक्ष प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, 2022 तक) हेतु धनराशि रू0 36.37 लाख (रू0 छत्तीस लाख सैंतीत हजार मात्र) की मदवार वित्तीय स्वीकृतियॉ निम्नवत हैं :-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र०	मद का नाम	लेखानुदान में वर्ष 2022-23 आय-व्ययक प्रावधान	आय व्ययक प्रावधान के सापेक्ष प्रथम चार माह हेतु धनराशि
1	01- वेतन	26.70	8.90
2	02- मजदूरी	0.20	0.06
3	03- महगाई भत्ता	9.88	3.29
4	04- यात्रा व्यय	2.00	0.66
5	06- अन्य भत्ते	5.00	1.66
6	07- मानदेय	8.04	2.68
7	08- कार्यालय व्यय	5.00	1.66
8	11- लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	1.00	0.33
9	12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	5.00	1.66
10	13- टेलीफोन पर व्यय	0.60	0.20
11	15- गाडियो का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	2.00	0.66
12	16- व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओ के लिए भुगतान	8.00	2.66
13	18- प्रकाशन	2.00	0.66
14	42- अन्य व्यय	7 .00	2.33
15	45- अवकाश यात्रा व्यय	0.20	0.06
16	46- कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर का क्रय	0.50	0.16
17	47- कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबधी स्टेशनरी का क्रय	7.00	2.33
18	49- चिकित्सा व्यय	1.00	0.33

19	51- वर्दी व्यय	----	----
20	52- पुनरीक्षित वेतन का अवेशष राजकीय	----	-----
21	55- मकान किराया भत्ता	15 .00	5.00
22	56- नगर प्रतिकर भत्ता	----	-----
	योग-	106.12	35.29

2- उक्त वित्तीय स्वीकृतियॉ चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में रजिस्ट्रार/निरीक्षक, अरबी फारसी मदरसा उ0प्र0 के कार्यालय (अधिष्ठान) हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 106.12 लाख के सापेक्ष प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, 2022) के लिये धनराशि रू0 36.37 लाख (रू0 छत्तीस लाख सैंतीत हजार मात्र) निम्नाकिंत शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृत कर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

1. कोषागार से धनराशि का आहरण मासिक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाक घर में जमा नहीं किया जायेगा।
2. वेतन हेतु स्वीकृत धनराशि से केवल शासन द्वारा अनुमोदित पदों के वेतन आदि का ही भुगतान किया जायेगा। किसी भी दशा में उक्त धनराशि से किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नहीं किया जायेगा।
3. उक्त मदों पर होने वाला व्यय इस संबंध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्यता संबंधी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।
4. उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि का विवरण/उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को 31.07.2022 तक अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।
5. धनराशि का आवंटन(एलॉटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-001-निदेशन तथा प्रशासन-06-रजिस्ट्रार/निरीक्षक अरबी फारसी मदरसा उ0प्र0 प्रयागराज" की सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30.12.2021 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।

संख्या-662(1)/52-3-22, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
4- रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, 704, जवाहर भवन, लखनऊ /वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ ।
5- वित्त (ई-4)अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1(02 प्रतियों में)/नियोजन अनुभाग-3
6- अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
उप सचिव।